एक नजर में

मां की पगड़ी रस्म पर बेटों ने लगाया रक्तदान शिविर

कुक्षी। स्थानीय मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक संतोष गुप्ता की

पत्नी सूर्यकान्ता गुप्ता के निधन पर इनके निवास स्थान आलीराजपुर रोड पर परिजनों नें पगडी रस्म एवं अन्नदान कार्यक्रम के साथ रक्तदान शिविर आयोजित कर मानवता की सेवा की एक नई मिसाल पेश की. पगड़ी रस्म में एकत्रित हुए रिश्तेदारों और परिचितों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए न केवल प्रार्थना की, बल्कि रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने का संकल्प भी लिया। शिविर में कुल 26 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिसे ब्लड बैंक की रक्तदूत टीम द्वारा संग्रहित किया गया। इनके के पुत्र अंकित,अमन एवं डॉ.अतुल गुप्ता नें बताया की माताजी की स्मृति को जीवंत रखने और समाज को सकारात्मक संदेश देने के लिए हमने पग?ी रस्म पर रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया। रक्त का एक कतरा किसी का जीवन बचा सकता है, इससे बड़ी श्रद्धांजलि और कुछ नहीं हो सकती इस अवसर पर समाजजनों के साथ टीम रक्तदूत के विक्रम चोयल, मनीष भायल, जे.पी. गुप्ता, राजदीप गुप्ता, महेश मालवीया,सौरभ गुप्ता,गुप्ता समाज के नवयुवक मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता आदि के साथ मार्केटिंग सोसायटी के कर्मचारी अधिकारी,नगर के गणमान्य जन नें शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

सुंदरकांड पाठ और भजनों के माध्यम से युवाओं नेकी नववर्ष की अगवानी

बाकानेर। विश्व मंगल सुंदरकांड भजन मंडली के तत्वावधान में

नगर के युवाओं ने सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन के साथ नव वर्ष की अगवानी की। श्री विश्व मंगल सुंदरकांड भजन मंडली एवं नगर के युवाओं ने रात्रि 9:00 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया। श्री खेडापति हनुमान जी को चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्री विश्व मंगल भजन मंडल द्वारा विगत 14 वर्ष से नववर्ष की पूर्व संध्या पर संगीतमय सुंदरकांड आयोजन किया जा रहा है। जो सार्थक पहल से।भजन मंडली के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र चादोरे ने बताया कि कैसे कुछ युवा अब ढाबा संस्कृति (जो आमतौर पर देर रात पार्टी, शराब और खाने से जुड़ी होती है) से हटकर नए साल का स्वागत भजन-कीर्तन और भक्ति के साथ कर रहे हैं, जो आध्यात्मिक और सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है, जिसमें लोग धार्मिक आयोजनों और शांतिपूर्ण जश्न को प्राथमिकता दे रहे हैं. यह युवाओं के बीच बदलती जीवनशैली और मूल्यों को दर्शाता है, जहां वे जश्न को रचनात्मक और आध्यात्मिक बनाना चाहते हैं, युवा अब पुराने ढर्रे पर चलने के बजाय कुछ नया और सार्थक करना चाहते हैं.

भजन, भक्ति और धार्मिक स्थलों पर जाना उन्हें सुकून देता है और सकारात्मक ऊर्जा देता है। नव वर्ष की हुड़दंग में कई घरो की चिराग बुझ चुके हैं ऐसे में हमने युवाओं को धर्म से जोड़कर नव वर्ष का आगमन धार्मिक तरीके से किया है ।रात 12:00 बजे महा आरती कर प्रसाद बांटा गया। इस भक्तिमय कार्यक्रम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शुभम(नितिन) जायसवाल, अरुण वैष्णव गुडविन बार्चे मनीष शास्त्री अभिषेक सोनी मनोज भालके संजय वास्केल हर्ष खोड़े संतोष वर्मा नागर जी सचिन पाटीदार राहुल पाटीदार गिरीश कानूनगो नाना बार्चे विजय मुवेल तेजा लाल पवार दीपनयन बोर्डिया उपस्थित थे। श्री विश्व मंगल सुंदरकांड भजन मंडली के सार्थक प्रयास को नगर वासियों ने सराहना की ओर हर्ष जताया।

42 वर्षों की सेवा के बाद शिक्षक सोलंकी सेवानिवृत्त

सरदारपुर । गाँव में निकला भव्य जुलूस, बाजे-गाजे के साथ हुआ ऐतिहासिक सम्मान कौन कहता है क्या कमाया सेवा निवृत होने पर जब ऐसा सम्मान मिले तो इसे कहते हैं कि यह कमाए रिंगनोद। शिक्षा के क्षेत्र में 42 वर्षों तक निस्वार्थ सेवा देने वाले वरिष्ठ शिक्षक भूरालाल सोलंकी के सेवानिवृत्त होने पर ग्राम रिंगनोद में ऐतिहासिक और भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे गाँव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें श्री सोलंकी को सम्मानपूर्वक बग्घी/ पर बिठाकर गाँव भर में घुमाया गया। जुलूस के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक मंच सजाया गया, जहाँ जनप्रतिनिधियों, शिक्षक साथियों, प्रेस क्लब अध्यक्ष धार छोटू शास्त्री। रिंगनोद के प्रेस क्लब पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा शाल-श्रीफल भेंट कर सेवानिवृत्त शिक्षक का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भूरालाल सोलंकी ने शिक्षा को केवल नौकरी नहीं, बल्कि सेवा और संस्कार का माध्यम बनाया। अपने उद्बोधन में श्री सोलंकी ने भावुक होते हुए कहा कि विद्यार्थियों का स्नेह और गाँव का सम्मान उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुख्य अतिथि वेल सिंह भूरिया पूर्व विधायक एवं आशीष जैन राजगढ़ रिंगनोद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एवं उपसरपंच ज्वाला सोलंकी बीजेपी के वरिष्ठ गुण राजेंद्र गर्ग एवं नवीन बनिया जी मंडल अध्यक्ष राजगढ़ बीजेपी के कही नेताओं ने की शिरकत कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन जी चल द्वारा संचालन किया गया जब शिक्षक कलमकार नेता एक मंच पर एक साथ कार्यक्रम में मंच पर एक साथ हो तो कार्यक्रम देखने लायकहोता हे, शिक्षक शिक्षा देकर प्रकाश की अलखजागत है समापन सामूहिक भोज एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हे संपन्न हुआ कार्यक्रम का उत्साह देखने लायक था

शिक्षकों के आर्थिक सहयोग से 115 बच्चों को बांटे स्वेटर

धार । बाल साथी卐 अभियान अंतर्गत शा हाईस्कूल तलवाड़ा (नालछा) में शिक्षकों के मासिक आर्थिक सहयोग से प्राथमिक विभाग के 115 बच्चों को विकासखण्ड शिक्षाधिकारी नालछा श्री बी. एम. चौरसिया के मुख्य आतिथ्य में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी बच्चों को स्वेटर पहनाने से बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सुनील पांडेय द्वारा और आभार प्रदर्शन जितेन्द्र सिंह राठौर द्वारा किया गया।इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे। गौरतलब है कि इसी स्कूल में जुलाई माह में 180 जरूरतमंद बच्चों को स्कूली बेग, पानी बाटल और स्टेशनरी वितरित की जा चुकी है

नववर्ष पर बीआरसी कार्यालय का ताला 12 .30 बजे तक नहीं खुला

राह ताकते रहे कर्मचारी और आमजन

सरदारपुर ।जहां एक और नववर्ष पर शासकीय कार्यालयों में नववर्ष की शुभकामनाएं और कामकाज को लेकर चहलकदमी बनी हुई थी।वही जनपद शिक्षा कार्यालय के मुख्य द्वार पर 12:30 बजे तक ताला लटका हुआ था।

मिली जानकारी के अनुसार नववर्ष पर जनपद शिक्षा केन्द्र सरदारपुर के कार्यालय का ताला 12:30 बजे तक नही खुला।जिससे कार्यालयीन कर्मचारी ताला खुलने

की प्रतीक्षा की राह ताकते रहे।वही कामकाज के लिए बाहर से आए आमजन भी ताला देखकर इसके खुलने के इन्तजार इधर उधर

भटकते रहे।जनपद शिक्षा केन्द्र के बाहर खड़े कार्यालयीन कर्मचारी व आमजन ने बताया कि हम 11 बजे से ताला खुलने का इन्तजार कर रहे है, ताला क्यो नही खुला इसके बारे मे हमे कुछ नही पता है। वही कुछ लोगो ने इसकी जानकारी एसडीएम सलोनी अग्रवाल को दी।इसके बाद एसडीएम ने कार्यालय के मुख्य खण्ड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी बूटसिंह भंवर को फोन लगाकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल ताला खोलने के निर्देश दिए।इसके बाद आनन-फानन मे बीआरसी भागे भागे कार्यालय आए और खुद ने मुख्य द्वार का ताला खोला और कार्यालयीन कामकाज शुरू हुआ।

> एसडीएम अग्रवाल ने बताया कि मुझे जनपद शिक्षा केन्द्र का ताला नही खुलने की जानकारी मिलते ही मेने बीआरसी से बात की तो उन्होने बताया कि मे भोपाल पेशी पर हूं।इस पर मेने कहा कि आप कही पर भी हो लेकिन कार्यालय का ताला तो नियत समय पर खुलना चाहिए, ताला तत्काल खुलवाइए।एसडीएम के निर्देश के बाद बीआरसी ने स्वयं आकर अपने हाथ से ताला खोला।

हिंदू सम्मेलन हेतु सुभाष बस्ती का भूमि पूजन कार्यक्रम

सुभाष बस्ती में 10000 समाज जन हिंदू सम्मेलन में शामिल होंगे कार्यक्रम हेतु भूमि पूजन संपन्न

धार ! राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अखिल भारतीय केंद्रीय कार्यक्रम के तहत धार नगर में आगामी 4 जनवरी को आयोजित होने वाले 14 बस्तियों के हिंदू सम्मेलन के निमित्त स्थानीय सुभाष बस्ती में ओंकार नगर स्थित सम्मेलन स्थल लक्ष्मी गार्डन में भूमिपूजन और कार्यालय का शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ द्य इस अवसर पर सम्मेलन समिति के संयोजक जगदीश जोशी ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में सहभागी बने हैं, देश की सामाजिक एकता हेतु आयोजित हिंदू सम्मेलन और समरसता भोज अपनी बस्ती का ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा जिसमें बस्ती में निवासरत करीब 10000 (दस हजार) समाजजन कार्यक्रम में शामिल होंगे । कार्यक्रम को समिति के संरक्षक कन्हैयालाल

यादव, सह संयोजक विपिन राठौर और संजय मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अपने शताब्दी वर्ष में देशभर में एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है कार्यक्रम का ध्येय 卐समाज के लिए, समाज का, समाज के द्वारा卐 है जिसका उद्देश्य सामाजिक एकता और संघ के पंच परिवर्तन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है, सभी वक्ताओं ने हिंदू सम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता के लिए तन, मन, धन से सहयोग करने का आह्वान किया ।

> कार्यक्रम में नारायण जोशी, योगेश देवड़ा, व्यवस्थापक पार्षद रवि मेहता, सुभाष देवड़ा, विवेक गौड़, मोतीलाल जोशी, अनिल यादव एडवोकेट, बलराम प्रजापत, विजय भाटी, सुभाष बौरासी, आकाश मोदीया, अजय राठौर, हंसराज सोनवानीया, नरेंद्र गजादेसी, राहुल यादव इत्यादि सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही । कार्यक्रम का संचालन बलराम प्रजापत व आभार हेमंत प्रजापत ने माना उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी हंसराज सोनवानिया द्वारा दी गई ।

विश्व की सुरक्षा के लिए हिंदू संस्कृति आवश्यक : राष्ट्रीय संयोजक

मनावर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा शीतकालीन शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का भव्य, गरिमामय एवं अनुशासित आयोजन संचालित किया जा रहा हैं। इस आयोजन में प्रात: कालीन सत्र में मंचासीन मुख्य अतिथि बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाने में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से देश-विरोधी नैरेटिव के प्रति सजग रहने, आत्मचिंतन को जीवन का अंग बनाने तथा धर्म, ज्ञान और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय संयोजक ने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति को दुनिया की सबसे प्राचीन, समृद्ध और श्रेष्ठ संस्कृति बताते हुए कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है उन्होंने कहा कि जो धारण किया जाता है, वही धर्म कहलाता है। उन्होंने भगवान श्रीराम द्वारा माता सीताजी की मर्यादा और सुरक्षा के उदाहरण को प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में नारी को सदैव देवी स्वरूप माना गया है। नारी सम्मान भारतीय संस्कृति की आत्मा है।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता: (जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता वास करते हैं।) उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू संस्कृति में नारी को नारायणी, शक्ति और सृजन का स्वरूप माना गया है और उसका सम्मान ही समाज की उन्नति का आधार है।

मुख्य अतिथि ने श्रीराम और श्रीकृष्ण के आदर्शों, वसुधैव कुटुम्बकम के जीवन-दर्शन तथा कण-कण में ईश्वर की भावना को भारतीयता की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारतीय गुरुकुल परंपरा से समाज को दूर करने का प्रयास किया, जबकि नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय ज्ञान के महान केंद्र थे। उनके विनाश से भारत को अपूरणीय क्षति पहुँची, इसलिए युवाओं को अपनी जड़ों और संस्कृति को जानना अत्यंत आवश्यक है। इतिहास के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सोने की चिड़िया था, हैं और हमेशा रहेगा। महाराणा प्रताप जी, छत्रपति शिवाजी महाराज, बप्पा रावल जी जैसे महावीरों के शौर्य, राष्ट्रधर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदानों, सोमनाथ व काशी जैसे तीर्थों पर हुए आक्रमणों तथा मंदिरों की रक्षा हेतु जन-समर्पण ने भारतीय आत्मगौरव को जीवित रखा है। भारत विश्व का एकमात्र देश है जो अपनी मातृभूमि को माता के रूप में पूजता है। सेवा-भाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोसेवा, गौशालाओं का संचालन, भंडारे-लंगर, प्रकृति का सम्मान, परोपकार भारतीय संस्कृति की पहचान हैं।

> इस अवसर पर प्रांत संयोजक नितिन पाटीदार, विभाग संगठन मंत्री सुरेश गुर्जर, प्रांत सह संयोजक यश बच्चानी, प्रांत सह संयोजक मुकेश पाटीदार, प्रांत बलोपासना प्रमुख कमल सिंह पंवार, प्रांत गौरक्षा प्रमुख भैरूलाल एवं विभाग, जिले, प्रखंड तक के अधिकारी भी उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण वर्ग विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। जो कि सभी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख एवं वर्ग के बौद्धिक प्रमुख मंगलेश सोनी ने किया। आयोजन में जिले के समाजसेवी सदाशिव बरफा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अंत में वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा (जिसे विश्व की भाषाओं की जननी माना गया है), सेवा-भाव, मानवता, दया और धर्म के मूल्यों को आत्मसात कर अखंड भारत की सांस्कृतिक कल्पना को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

श्रद्धा स्मृति व समर्पण महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी पुण्य तिथि

नागदा धार । जन जन की आस्था एवं श्रद्धा के केंद्र परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री नवरत्न सागर सुरीश्वरजी महाराजा की 10 वी वार्षिक पुण्य तिथि माघ विदि पंचमी 7 जनवरी बुधवार को पूज्य गुरुदेव के समाधि स्थल भोपावर तीर्थ में श्रद्धा स्मृति ओर समर्पण महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी गत दिवस आचार्य भगवंत श्री विश्व रत्न सागर सुरीश्वरजी महाराजा ने नागदा में संघ को उपदेशित करते हुए बताया कि हमे ऐसे गुरुवर पूज्य आचार्य भगवंत श्री नवरत्न सागर सुरीश्वरजी महाराजा की पुण्य तिथि मनाना हे जो कि बाल्यावस्था में दीक्षा लेकर जैन मुनि बनकर कठोर साधना में लीन रहते हुए तपोनिष्ठ गुरुवर बने साथ ही आचार्य पद पर रहते हुए 125 से अधिक मंदिर की प्रतिष्ठा सम्पन्न करवाते हुए भोपावर को महान तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठा दिलवाई साथ ही अपने धर्म उपदेश से अनेक मुमुक्ष को संयम

अंगीकार करवाकर दीक्षा प्रदान की पूज्य श्री तपोमय रहते हुए जीवन पर्यंत आयंबिल तप की तप आराधना करते रहे एवं अंतिम समय में भी आयंबिल तप करते हुए मोक्ष गामी बने ऐसे वचन सिद्ध आचार्य भगवंत की पुण्य तिथि मनाने आप सबको संघ सहित भोपावर आकर गुरु चरणों में शीश नवाते हुए गुरु भक्ति का परिचय देना हे मालवा महासंघ राष्ट्रीय पदाधिकारी संतोष मेहता एवं राजेन्द्र बोकडिया द्वारा बताया गया कि इस वर्ष सौभाग्य की बात हे कि पूज्य आचार्य श्री की पुण्य तिथि उनके ही कृपा पात्र आचार्य भगवंत श्री विश्व रत्न सागर सुरीश्वरजी महाराजा के सानिध्य में मनाई जा रही जिससे भक्तों में अपार उत्साह हे ज्ञात रहे कि नागदा स्थित शान्ति नाथ देरासर की प्रतिष्ठा भी आचार्य भगवंत श्री नवरत्न सागर सुरीश्वरजी महाराजा द्वारा सम्पन्न करवाई थी ऐसे गुरु को श्रद्धा से नमन करने संघ से बड़ी संख्या में संघ जन पुण्य तिथि दिवस पर भोपावर पहुंच कर सहभागिता करेगा इस अवसर पर संघ अध्यक्ष संतोष मोदी शैतान मल कांकरिया चांदमल मेहता सुरेश मुथा पुखराज कटारिया प्रदीप नाहर विनय नाहर पंकज बरडिया विशाल मेहता पवन मेहता सहित बड़ी संख्या में संघ जन की उपस्थिति रही

एक नजर अन्नपूर्णा संस्था द्वारा साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की रात को मानव सेवा

खुले आसमान के नीचे सोने वाले जरूरतमंद लोगों को निशुल्क कंबल व मिठाई बांटी

धामनोद । साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की रात्रि लोग नव वर्ष के आगमन को जश्न मनाते है । परन्तु नगर की एक मात्र संस्था मां अन्नपूर्णा रोगी संस्था इस दिन को अलग ही रूप से मानती है । संस्था इस दिन को धामनोद नगर एवं क्षेत्र के भामाशाह दानदाताओं के अनन्य सहयोग से गरीबों, निराश्रितों, जरूरत मंदों की सेवा कर मानती है । मां अन्नपूर्णा रोगी सेवा एवं पारमार्थिक संस्था धामनोद द्वारा समीपस्थ ग्राम बिखरोन के विवेकानंद विद्या निकेतन परिसर में जाकर, खुले आसमान के नीचे रह रहे जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल ओढ़ाए गये ।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब धामनोद के अध्यक्ष प्रकाश जोशी, विशिष्ट

अतिथि उपाध्यक्ष दीपेश सिंह चौहान एवं समाजसेवी व्यवसाई अनिल खजांची रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक प्रधान ने की ।

मुख्य अतिथि प्रकाश जोशी ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति को प्रमुखता देते हुए वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा से नव वर्ष मनाने का संदेश दिया ।

वहीं संस्था अध्यक्ष दीपक प्रधान ने संस्था के नियमित गतिविधियों प्रतिदिन नगर के समस्त अस्पतालों में भोजन वितरण, प्रतिमाह नेत्र शिविर प्रतिवर्ष निशुल्क घुटने एवं कूल्हा प्रत्यारोपण आपरेशन एवं अन्य कई स्वास्थ्य शिविरों एवं गतिविधियों की जानकारी दी एवं आमजन से उनका लाभ लेने का आग्रह किया।

आयोजन में अतिथियों द्वारा उपस्थित लोगों को नशा न करने का संकल्प भी दिलाया गया एवं छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी एवं स्कूल में भेजने के लिए मार्गदर्शन दिया गया ।निशुल्क कंबल वितरण के साथ मिष्ठान वितरण भी किया गया । इस अवसर पर पत्रकार विकास शर्मा, शिव कुमार वास्केल, हर्षवर्धन बर्वे, संस्था सेवादार प्रभु स्वामी, विक्की तोमर एवं अन्य कई स्थानीय ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

संस्था उपाध्यक्ष विजय नामदेव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आभार प्रदर्शन किया ।